चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक: परीक्षा/8646
दिनांक: 31.03.2024

विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थान एवं विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता कि NEP-2020 के अन्तर्गत संस्थागत स्तर पर संचालित परम्परागत B.A./B.Sc./B.Com. पाठ्यक्रमों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर संचालित समस्त पाठ्यक्रमों (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को छोड़कर) की सम सेमेस्टर (जून–2024) परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑनलाईन भरवाये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 31.03.2024 निर्धारित थी। विश्वविद्यालय द्वारा अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए छात्रहित में परीक्षा फार्म भरने हेतु तिथियाँ कई बार विस्तारित की जा चुकी हैं।

निर्देशानुसार उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म भरने से वंचित छात्र/छात्राओं को जिन्होंने अभी तक भी परीक्षा फार्म नहीं भरा है अथवा परीक्षा फार्म का सत्यापन नहीं कराया है, को पुनः अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तिथियाँ दिनांक 01.04.2024 से 02.04.2024 (केवल दो दिन) हेतु पुनः विस्तारित की जाती है।

छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापन कराकर महाविद्यालय/संस्थानों/विभागों में जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 04.04.2024 एवं महाविद्यालयों/संस्थानों/विभागों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 05.04.2024 रहेगी।

31/03/2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह वि0वि0, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह वि0वि0 परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
06. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
07. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
08. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
09. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
10. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सियों को इस आशय के साथ कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार सत्यापित कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

31/03/2024
परीक्षा नियंत्रक